p>

Title: Need to take steps to provide benefits of centrally sponsored schemes to farmers belonging to Scheduled Tribes Category.

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): माननीय अध्यक्ष जी, मैं मध्य प्रदेश के खरगौन-बड़वानी जनजाति लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ । मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि इस बार के सदन में आधे से ज़्यादा नए लोग आए हैं और आपके प्रयास से सब बोलने में हिम्मत जुटा रहे हैं । उसके लिए बहुत बड़ा आभार आपके प्रति रहेगा । मैं भी आपको धन्यवाद देता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष : उन माननीय सदस्यों से भी आग्रह करें, जो अभी तक 100 लोग नहीं बोले हैं ।

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जनजाति कृषकों के प्रति दिलाना चाहता हूँ कि जिस प्रकार से वन और जंगलों में रहने वाला जो जनजाति समुदाय है, जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार के माध्यम से वनाधिकार के पट्टे मिले, उनके जीवनार्जन के लिए ये अधिकार पट्टे दिए गए तब से लेकर अभी तक उनका जीवनार्जन चल रहा है परन्तु केन्द्र सरकार की दो योजनाएँ ऐसी हैं, जिसका लाभ जनजाति कृषकों को नहीं मिल पा रहा है । एक प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ वनाधिकार पट्टेधारी जनजाति कृषकों को नहीं मिल पा रहा है । वहीं फसल बीमा का लाभ भी उसी प्रकार के जनजाति कृषकों को नहीं मिल पा रहा है । मैं आपके माध्यम से चाहूँगा कि वह सरकार की योजना में जुड़े । धन्यवाद ।